
P.K. UNIVERSITY
SHIVPURI (M.P.)

#1st PRIVATE UNIVERSITY IN BUNDELKHAND REGION

# NEWSLETTER

## JUNE/JULY/AUGUST 2024









CAMPUS : VILLAGE-THANRA, NH-27, JHANSI-SHIVPURI HIGHWAY, TEHSIL-KARERA, DISTRICT-SHIVPURI (M.P.) 473665

# CONTENTS







| S.NO. | CONTENT SUB HEAD | PAGE NO. |
|---|---|---|
| 1 | विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून 2024) के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न ने फलदार और छायादार पौधों का रोपण करके उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया गया | 1 |
| 2 | पं0 महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल द्वारा आयोजित किया गया एक दिवसीय निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य जांच शिविर | 2 |
| 3 | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया गया योगाभ्यास | 3 |
| 4 | दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर | 4 |
| 5 | दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ समापन, 120 मरीजों ने कराई जांच | 5 |
| 6 | तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न | 6 |
| 7 | एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं नि:शुल्क दवाई वितरण शिविर आयोजित | 7 |
| 8 | विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव | 8 |
| 9 | कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया गया नमन | 9 |
| 10 | हेलवान विश्वविद्यालय (काहिरा, अरब गणराज्य मिस्र) और पी0के0 विश्वविद्यालय (शिवपुरी, मध्य प्रदेश, भारत) के बीच ऐतिहासिक शैक्षिक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित | 10 |
| 11 | पी0 के0 विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय द्वारा किया गया विश्व टीकाकरण जागरूकता अभियान का आयोजन | 11 |
| 12 | पी0 के0 विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस | 12 |
| 13 | पी.के. विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुईं विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित | 13 |
| 14 | दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया एवं भारत के पी.के. विश्वविद्यालय के मध्य अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक समझौते की स्वीकृति पर बनी आपसी सहमति | 14 |
| 15 | MEDIA COVERAGE | 15-17 |



# ABOUT UNIVERSITY

P.K. University has been established keeping in view the foregoing are growing emphasis on global competitiveness, the need to bridge the gap between theory and practice and the growing demand for highly skilled personnel in the frontier areas of Management, Engineering and Technology, medicine, Architecture, Information Technology and Computing, Paramedical and Pharmacy, Insurance, Bio-sciences, fashion, Law, Hospitality and Tourism and other fields of education, the Sonal Educational Society proposes to establish as University in Shivpuri (M.P) entitled P.K. University encompassing all the major disciplines the majority of the courses will be innovative, practice oriented, flexible, modular and ensure that the students acquire the necessary skills and knowledge for successful careers. The University will establish a close liaison with the productive sector, broaden the mental horizons of its student and provide a stimulating place through study, stay and learn. This will meet the growing needs of the students of not only Madhya Pradesh but also India and abroad too. Since all the courses to be offered by P.K. University are going to be innovative and highly practical oriented this will go a long way in fulfilling the aspiration of student and parents at Utter Pradesh and adjoining area.







# विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून 2024) के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न ने फलदार और छायादार पौधों का रोपण करके उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया गया।










विश्व पर्यविरण दिवस के अवसर पर दिनांक 5 जून 2024 को पी0 के0 विश्वविद्यालय शिवपुरी (म0प्र0) के प्रशासनिक निदेशक डॉ0 जे0 के0 मिश्रा के दिशा निर्देशन में विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के तत्वाधान में विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न ने फलदार और छायादार पौधों का रोपण करके उसे संरक्षित करने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डॉ0) योगेश चन्द्र दुबे, विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के प्रशा सनिक निदेशक डॉ0 जे0 के0 मिश्रा, कुलसचिव डॉ0 दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ0 एमिन उपस्थित रहे।

# पं0 महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल द्वारा आयोजित किया गया एक दिवसीय नि:शुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य जाँच शिविर




पी.के. विश्वविद्यालय के अंतर्गत विश्वविद्यालय के परिसर में संचालित पं0 महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल द्वारा दिनांक 12 जून 2024, बुधवार को शिवपुरी जिले की तहसील करेरा के ग्राम थनरा में एक दिवसीय नि:शुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श, दवा वितरण और विभिन्न स्वास्थ्य जांचें शामिल थीं। शिविर में पं0 महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल में कार्यरत योग्य एवं कुशल डॉक्टरों की टीम द्वारा विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए ग्रामीणों को परामर्श प्रदान करते हुए सामान्य बीमारियों हेतु दवाएं भी मुफ्त में वितरित की गई। साथ ही, डॉक्टर और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर पी.के. विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर (डॉ0) योगेश चन्द्र दुबे, प्रशासनिक निदेशक, डॉ. जे0 के0 मिश्रा, कुलसचिव डॉ0 दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ0 एमिन फातमा, डीन ऑफ फेकल्टी डॉ0 जितेन्द्र कुमार मलिक सहित पं0 महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल में कार्यरत डॉ0 शुभम शर्मा, डॉ0 आनंद कुमार, कमलेश चंदेल एवं विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय से शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया गया योगाभ्यास।








**दिनांक 21 जून 2024,** शुक्रवार को जहां पूरा विश्व योगलय में लीन रहा, वहीं पी0के0 विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित विश्वेश्वरैया ऑडिटोरियम में प्रातः 9:30 से 10:00 बजे तक योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर पी0 के0 विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डॉ0) योगेश चन्द्र दुबे, प्रशासनिक निदेशक डॉ0 जे0 के0 मिश्रा, कुलससचिव डॉ0 दीपेश नामदेव, डीन आकादमिक डॉ0 ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ0 जितेन्द्र मलिक सहित विश्वविद्यालय का समस्त स्टाफ सदस्य और कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें आदि उपस्थित रहे।





# पी.के. विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पं0 महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल में फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंस के तत्वावधान में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



पी.के. विश्वविद्यालय के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पं0 महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल में दिनांक 25 जून 2024, दिन मंगलवार को पी0 के0 विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंस के तत्वावधान में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉ.) योगेश चन्द्र दुबे, प्रशासनिक निदेशक डॉ0 जे0 के0 मिश्रा ने किया।









# दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ समापन, 120 मरीजों ने कराई जांच -











पी.के. विश्वविद्यालय के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पं0 महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल में विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंस के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का दिनांक 26 जून 2024, दिन बुधवार को समापन हो गया। इस शिविर में शिवपुरी जिले अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामों से आए कुल 120 मरीजों ने शिविर में पंजीयन और स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया।




इस अवसर पर पी0 के0 विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉ.) योगेश चन्द्र दुबे, प्रशासनिक निदेशक डॉ0 जे0 के0 मिश्रा, कुलसचिव डॉ0 दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ0 एमिन फातमा, डीन ऑफ फेकल्टी डॉ0 जितेन्द्र कुमार मलिक सहित पं0 महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल में कार्यरत डॉ0 शुभम शर्मा, डॉ0 आनंद कुमार, कमलेश चंदेल एवं विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय से शिक्षक व शिक्षिकाएं तथा आस पास के क्षेत्र से स्वास्थ्य परीक्षण कराने आये क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ समापन -




दिनांक 3 जुलाई 2024 को पी0 के0 विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन हुआ। जिसमें नवप्रवेशी विद्यार्थियों को विद्यार्थियों को शैक्षणिक अभिविन्यास एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गयी।
















इस अवसर पर पी0 के0 विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डॉ0) योगेश चन्द्र दुबे, प्रशासनिक निदेशक डॉ0 जे0 के0 मिश्रा एवं बड़ी संख्या में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ में विश्वविद्यालय के समस्त संकायों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक,

# एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवाई वितरण शिविर आयोजित -





दिनांक 20 जुलाई 2024, दिन शनिवार को पी. के. विश्वविद्यालय के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पं0 महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के तत्वावधान में अशोक होटल के पास दिनारा, तहसील करैरा, शिवपुरी में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयां वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 से ज्यादा मरीजों को बी.पी., शुगर, लीवर, किडनी, थाईराइड, कोलिस्ट्रोल आदि की जांच करते हुए उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी वितरित कीं गईं।

इस अवसर पर पी0 के0 विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ0 जे0 के0 मिश्रा, कुलसचिव डॉ0 दीपेश नामदेव एवं डीन अकादमिक डॉ0 ऐमन फातमा के साथ पं0 महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ0 शुभम शर्मा, डॉ0 आनंद कुमार, कमलेश चंदेल एवं विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय से शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।













# विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव -



शासन के निर्देशानुसार, दिनांक 22 जुलाई 2024 को पी0 के0 विश्वविद्यालय के ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम कॉन्फ्रेंस हॉल में गुरुपूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगणों सहित विश्वविद्यालय में कार्यरत गुरुजनों, शिक्षाविदों एवं प्राचार्यों को तिलक लगाकर पुष्पमाला, श्रीफल आदि से सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ0 जे0 के0 मिश्रा, कुलपति प्रो0 (डॉ0) योगेश चन्द्र दुबे कुलसचिव डॉ0 दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ ऐमन फातमा सहित विश्वविद्यालय के समस्त संकायों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, शिक्षक/शिक्षिकाएं, अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया गया नमन -




दिनांक 26 जुलाई 2024 को, कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पी०के० विश्वविद्यालय ने देश के वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित ए०पी०जे० अब्दुल कलाम कांफ्रेंस हॉल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।









कार्यक्रम में पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलपति प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा एवं डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक सहित विश्वविद्यालय के समस्त संकायों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, शिक्षक/शिक्षिकाएं, अन्य अधिकारीगण, छात्र-छात्राएं व कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# हेलवान विश्वविद्यालय (काहिरा, अरब गणराज्य मिस्र) और पी0 के0 विश्वविद्यालय (शिवपुरी, मध्य प्रदेश, भारत) के बीच ऐतिहासिक शैक्षिक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित -




दिनांक 01 अगस्त 2024 को, हेलवान विश्वविद्यालय (काहिरा, अरब गणराज्य मिस्र) और पी0के0 विश्वविद्यालय (शिवपुरी, मध्य प्रदेश, भारत) ने एक ऐतिहासिक शैक्षिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता दोनों विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग को मजबूत करेगा और शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।

पी0 के0 विश्वविद्यालय के तरफ से एमओयू समन्वयक ने बताया कि दोनों हस्ताक्षरकर्ता विश्वविद्यालयों के बीच ज्ञान का हस्तांतरण, शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अवसरों को सुदृढ़ करना, दोनों विश्वविद्यालयों के बीच वैज्ञानिक अनुसंधान गतिविधियों में सहयोग, सामान्य रुचि के क्षेत्रों में सम्मेलनों, प्रदर्शनियों, सेमिनारों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और लघु पाठ्यक्रमों का आयोजन, प्रकाशनों और वैज्ञानिक जानकारी का आदान-प्रदान, वैज्ञानिक पत्रिकाओं में संयुक्त प्रकाशन, संयुक्त कार्यक्रम व पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या का डिजाइन, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं में सहयोग, संयुक्त शिक्षण गतिविधियों का आयोजन, संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन, छात्रों, शैक्षणिक और प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन, यदि आवश्यक हो तो नियमित बैठकें आयोजित

इस अवसर पर पी0 के0 विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ0 जे0 के0 मिश्रा, कुलपति प्रो0 (डॉ0) योगेश चन्द्र दुबे कुलसचिव डॉ0 दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ ऐमन फातमा आदि उपस्थित रहे।

# पी0 के0 विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय द्वारा किया गया विश्व टीकाकरण जागरूकता अभियान का आयोजन -









पी0 के0 विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय ने दिनांक 14 अगस्त 2024 को सीएचसी करेरा, शिवपुरी (म0प्र0) में विश्व टीकाकरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 प्रदीप शर्मा (बी.एम.ओ.) सी.एच.सी. करेरा उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता पी0 के0 विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ0 जे0 के0 मिश्रा ने की। साथ ही, विशिष्ट अतिथियों के रूप में पी0 के0 विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डॉ0) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ0 दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ0 ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ0 जीतेंद्र मलिक उपस्थित रहे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करना और टीकाकरण से जुड़े भ्रमों को दूर करना था।





# पी0 के0 विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस -



पी0 के0 विश्वविद्यालय में दिनांक 15 अगस्त 2024 को 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम पी0 के0 विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे0 पी0 शर्मा एवं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ0 जे0 के0 मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।








कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। संचालन नर्सिंग संकाय की छात्रा सिंपल द्वारा किया गया एवं आभार छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो0 (डॉ0) महालक्ष्मी जौहरी ने व्यक्त किया।



इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ0) योगेश चन्द्र, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ0 ऐमिन फातिमा सहित समस्त संकायों से विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ, कर्मचारीगण एवं सैंकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पी.के. विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुईं विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित -

आज दिनांक 29 अगस्त 2024 को, भारत के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में पी.के. विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के खेल मैदान में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त विभागों से छात्र-छात्राओं ने क्रिकेट, टेबिल टेनिस, कैरम, शतरंज, कबड्डी, वालीबाल आदि खेलों में प्रतिभाग किया गया। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कार वितरित किए गए।




इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ0 जे0 के0 मिश्रा एवं कुलपति प्रो0 (डॉ0) योगेश चन्द्र दुबे तथा विशिष्ट अतिथियों में कुलसचिव डॉ0 दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ0 ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ0 जितेन्द्र मलिक, परीक्षा नियंत्रक प्रो0 (डॉ0) जी0 पवन कुमार, डॉ0 महालक्ष्मी जौहरी, डॉ0 विवेक गुप्ता, डॉ0 प्रभाकर, खेल प्रभारी ब्रजेश पचौरी एवं विनय प्रताप सिंह सहित समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के साथ विभिन्न विभागों से छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।







# दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया एवं भारत के पी.के. विश्वविद्यालय के मध्य अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक समझौते की स्वीकृति पर बनी आपसी सहमति -




दिनांक 29 अगस्त 2024 को, दक्षिण अफ्रीका के प्रतिष्ठित प्रिटोरिया विश्वविद्यालय और भारत के अग्रणी विश्वविद्यालय, पी० के० विश्वविद्यालय के बीच वर्चुअल बैठक के माध्यम से एक ऐतिहासिक अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक समझौते को लेकर ऑनलाइन बैठक के दौरान आपसी सहमति हो गई है । यह बैठक पी० के० विश्वविद्यालय के मा० कुलाधिपति श्री जे० पी० शर्मा जी के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुई। बता दें कि यह समझौता दोनों देशों के बीच उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेगा और विद्यार्थियों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए नए अवसर पैदा करेगा। पी० के० विश्वविद्यालय और प्रिटोरिया विश्वविद्यालय दोनों ही इस समझौते के माध्यम से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।





वर्चुअल बैठक के दौरान उपरोक्त अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक समझौते में संकाय और स्टाफ सदस्यों का आदान-प्रदान, विद्यार्थियों का आदान-प्रदान, संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों और प्रकाशन, सेमिनारों और शैक्षिक बैठकों में भागीदारी, शैक्षणिक सामग्री और अन्य जानकारी का आदान-प्रदान, विशेष अल्पकालिक शैक्षणिक कार्यक्रम, परियोजना सहयोग आदि का वित्तपोषण बिन्दुओं को लेकर दोनों विश्वविद्यालयों के बीच सहमति हुई।

